# अभ्यास

## मौखिक

कौशल-वाचन ( बोध, संवाद )

'चावल' और 'सब्ज़ी' शब्दों के लिंग बताइए।

नित्य पुल्लिंग रहने वाले शब्दों का स्त्रीलिंग में परिवर्तन करने के लिए किस शब्द को जोड़ा जाता है?

अप्राणीवाचक संज्ञा से क्या तात्पर्य है? इनके लिंग की पहचान किस प्रकार से करेंगे?

## लिखित

कौशल-लेखन ( व्याकरण, शब्दावली, लिखावट )

1. निम्नलिखित शब्दों के उचित स्त्रीलिंग रूप में ✓ निशान लगाइए-

(क) पिता – भाई ☐ माता ☐ दीदी ☐

(ख) कवि – कवियों ☐ कवयत्री ☐ कवयित्री ☐

(ग) शिक्षक – शिक्षिका ☐ शिक्षकों ☐ गुरु ☐

(घ) विद्वान – विद्मती ☐ विदुषी ☐ विद्वानमती ☐

(ङ) शेर – शेरनी ☐ हथिनी ☐ सिंहनी ☐

(च) बैल – बैलों ☐ भैंस ☐ गाय ☐

2. निम्नलिखित शब्दों का उनके लिंग से मिलान कीजिए-

श्रीमती
महाराजा
छाता
कुटिया
चिमटा
क्रोध







डिब्बा
किताब
हिमालय
ग्वालिन
मामा
नदी

3. कोष्ठक में दिए गए लिंग के उचित भेदों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

(क) हिंदी तिथियों के नाम प्रायः .................... होते हैं। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

(ख) देशों के नाम .................... होते हैं। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

(ग) भाषाओं के नाम .................... होते हैं। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

(घ) समुदायबोधक शब्द .................... होते हैं। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

(ङ) पेड़ों के नाम .................... होते हैं। (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग)

4. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्दों पर (गोला) बनाइए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) लड़की | लड़कपन | बच्ची | (ख) सोना | चाँदी | चाँदनी |
| (ग) सुनारिन | पुजारिन | जुलाहा | (घ) मंगल | अँगूठी | चुन्नी |

5. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए-

(क) वह बालक सुंदर है। वह बालिका सुंदर है।

(ख) अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं। अध्यापिका छात्रों को पढ़ा रही हैं।

(ग) ग्वाला दूध ले जा रहा है। ग्वालिन दूध ले जा रही है।

(घ) चूहा इधर-उधर भाग रहा है। चुहिया इधर-उधर भाग रही है।

(ङ) अध्यक्ष मंच पर भाषण दे रहे हैं। अध्यक्षा मंच पर भाषण दे रहीं हैं।

6. निम्नलिखित प्रत्ययों से बनने वाले दो-दो पुल्लिंग शब्द लिखिए-

(क) त्व ... पुरुषत्व ... भ्रातृत्व

(ख) पन ... बचपन ... लड़कपन

(ग) आव ... चढ़ाव ... पड़ाव

(घ) आ ... बच्चा ... भतीजा

7. निम्नलिखित वाक्यों में लिंग संबंधी अशुद्धियों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए-

(क) दरज़िन कपड़ा सिल रहा है। दरज़िन कपड़ा सिल रही है।

(ख) इमली बहुत खट्टा है। इमली बहुत खट्टी है।

(ग) डिब्बा खुली है, बंद कर दो। डिब्बा खुला है, बंद कर दो।

(घ) लता मंगेशकर प्रसिद्ध गायक है। लता मंगेशकर प्रसिद्ध गायिका है।

(ङ) मेरी बेटी विद्वान है। मेरी बेटी विदुषी है।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) लिंग किसे कहते हैं? जिस शब्द से स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो, उसे [illegible]

(ख) लिंग के भेदों का परिचय दीजिए। लिंग के दो भेद हैं — स्त्रीलिंग और पुल्लिंग।

(ग) नित्य पुल्लिंग व नित्य स्त्रीलिंग के तीन-तीन शब्द लिखिए। नित्य पुल्लिंग — तोता, उल्लू, भालू। नित्य स्त्रीलिंग — छिपकली, मछली, कोयल

9. हवा, सूरज, पानी ये सब लड़का-लड़की के लिए अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक हैं। इस आधार पर बताइए कि क्या हमें लड़का-लड़की में भेदभाव करना चाहिए और क्यों? मूल्यपरक प्रश्न

## गतिविधि

रचनात्मक-लेखन ( विचार, भाव, लिखावट )

- कक्षा में अध्यापिका की मदद से एक-दूसरे से चर्चा करके उभयलिंग के ज़्यादा-से-ज़्यादा शब्दों को अपनी शब्दकोश डायरी में लिखिए।